दिनांक 30.10.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

-स्वास्थ्य शिविर के लिए विशेष मेगा कैंप , 750 स्कूली बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण -तीनों मोबाइल यूनिट के संयुक्त शिविर का आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लिया जायजा -शिविर में स्वयं आयुक्त ने बीपी, शुगर जांच कराकर बच्चों को किया प्रेरित

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर खुर्सीपार के शासकीय स्कूल में आज एक साथ तीनों मोबाइल मेडिकल यूनिट संयुक्त शिविर लगाकर 750 स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। शिविर में जांच कराने आई बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड भी प्रदान किया गया। शिविर में उपस्थित अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों का हिमोग्लोबिन, सिकलिंग सहित ब्लड ग्रुप की जांच की गई और खान पान, रहन सहन और स्वच्छता को अपनाते हुए अपने और परिवार के स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी गई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट और एक दाई-दीदी क्लीनिक संचालित है , जो शासन की मंशा अनुसार स्लम क्षेत्रों में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने शिविर आयोजित कर रहे है। इसी के तहत आज तीनों मोबाइल यूनिट एक साथ संयुक्त शिविर लगाकर स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किये। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने भी बीपी, शुगर की जांच कराकर बच्चों को भी जांच कराने प्रेरित किए। एमएमयू के एपीएम ईशान शर्मा ने बताया कि एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय स्कूल खुर्सीपार में बाबा बालक नाथ मंदिर के समीप आयोजित किया गया। शिविर में मिडिल , हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी में अध्ययनरत 750 बालक/बालिकाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर में चिकित्सको द्वारा बच्चों के वजन , हिमोग्लोबिन, सिकलिंग की जांच की गई

जनसम्पर्क अधिकारी